डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा,
माँ गोरा संग गणपति जी को लाना होगा,
डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा....

बैल पत्र दूध बाबा आपको चढ़ाएंगे,
केसरियां चन्दन माथे तिलक लगाएंगे,
भगतो को दरश दिखाना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा....

आप तो निराले बाबा रूप भी निराला,
हाथ में त्रिशूल गले सर्पों की माला,
नंदी पे चढ़कर आना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा....

कल्याणकारी भोले तुम नाथ हमारे,
दुःख हो या सुख हम सबके सहारे,
नैया को पार लगाना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा...

देवों के देव महादेव आज आए,
विष को पिया है नीलकंठ भी कहाए,
भक्ति से शिव को मनाना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा.....

डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा,
माँ गोरा संग गणपति जी को लाना होगा